हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 सितंबर 2025

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 विद्यार्थियों को समाज में फैली कुरीतियां दूर करना ...



08 जिले को दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश में अव्वल बनाने



### 16 सूत्रीय मांगों को लेकर अन्नदाताओं ने दी चेतावनी, करें समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

# नाखुश किसान उतरे सड़कों पर, निकाली ट्रैक्टर रैली, मंडी परिसर में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भारतीय किसान संघ द्वारा के किसानों को खाद और मूंग के भुगतान, सिंचाई व बिजली की समस्या को कलेक्टर को लेकर ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय किसान संघ द्वारा शुक्रवार को कृषि उपज मंडी नर्मदापुरम में किसान आक्रोश रैली एवं सभा का का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से आए किसानों नें सहभागिता की। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री शंकरसिंह पटैल नें बताया कि कई महीनों से भारतीय किसान संघ जिला प्रशासन को किसानों की समस्याएं ज्ञापन के माध्यम से बताई।

आंदोलन, रैली,प्रदर्शन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामभरोस बसोतिया, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटैल,प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान,ओमप्रकाश उपाध्याय, उदयकुमार पाण्डेय, देवेन्द्र पटैल, जिलाध्यक्ष ओमकार राजपूत, मंत्री शंकरसिंह पटैल, सहमंत्री रजत दुबे, मंगलसिंह राजपूत, सूरजबली जाट, ब्रजेश राजपूत आदि उपस्थित थे।



भारतीय किसान संघ द्वारा ट्रेक्टर रैली निकाली, जो मुख्य मार्गों से निकाली गयी। जिलेभर की तहसीलों से आए किसान संघ के प्रतिनिधियों नें रैली में हिस्सा लिया, भारतीय किसान संघ के ट्रैक्टर रैली अनुशासित और व्यवस्थित रही, जिससे राहगीरों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा। लगभग 3 घंटे शहर में घूमकर ज्ञापन देनें के बाद भाकिसं नें आंदोलन समाप्त किया।

## सहकारी समितियों से बंटे खाद

भारतीय किसान संघ के उदय कुमार पाण्डेय नें बताया कि किसान संघ विगत कई वर्षों से सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण एवं नगद खाद वितरण व्यवस्था के पक्ष में है लेकिन भाकिसं के सुझावों को प्रशासन नें ताक पर रख दिए, किसानों को प्रशासन नें प्राथमिकता नहीं दी है, भगवान भरोसे जिला प्रशासन चल रहा है, किसानों को खाद,बीज,बिजली,पानी के लिए प्रतिदिन ही परेशान होना पड़ रहा है प्रशासन किसानों की ओर ध्यान दे, अन्यथा अभी भी भारतीय किसान संघ का यह सांकेतिक प्रदर्शन है

## भाकिसं ने प्रशासन से की मांग

वर्तमान में खाद का संकट व्याप्त है पर्याप्त खाद की व्यवस्था करे, धान का समर्थन मूल्य 3100 रू क्विंटल कराया जाए, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रूपये प्रति क्विंटल किया जाए, सोयाबीन -मक्का फसलों का शीघ्र सर्वे किया जाए एवं बीमा राशि का भुगतान किया जाए। इस वर्ष बांटी गई बीमा राशी का पुनर्मुल्यांकन कराये, जंगली जानवरों से हो रहे फसल के नुकसान का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करें, सिंचाई हेतु दिन के समय 10 घंटे बिजली आपूर्ति की जावे। जिले में शेष रहे किसानों के मूंग का भुगतान शीघ्रता से किया जावे। पिछले वर्ष शासकीय समर्थन मूल्य पर उपार्जित जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों का पूरा सर्वे हो गारंटी पीरियड की सड़कों को तुरंत दुरुस्त करने का आदेश ठेकेदार को दिया जाए अत्यंत क्षतिग्रस्त सड़क रिपेयर की जाएं, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का कमर्शियल लोन शक्ति के साथ वसूल किया जाए, जल संसाधन विभाग आगामी सीजन में टेल क्षेत्र तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे, धान पर बोनस देनें का वादा सरकार द्वारा किया गया था किंतु अभी तक बोनस राशि खातों में नहीं डाली गयी, सरकार शीघ्र ही बोनस राशि डालें।

## भारतीय किसान संघ से संवाद करेंगे : कलेक्टर

भारतीय किसान संघ की सभा में कलेक्टर मीणा नें ज्ञापन सुना, ज्ञापन वाचन के बाद कलेक्टर सोनिया मीना नें कहा कि किसान और किसान संघ से संवाद हमारी प्राथमिकता है, हम अधिकारियों को सभी मुद्दों को हल करनें हेतु आदेशित करेंगे एवं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से लगातार संवाद करेंगे। इससे पहले भारतीय किसान संघ नें कृषि मंडी में सभा करके सभास्थल पर ही कलेक्टर सोनिया मीणा को ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की।

# राज्यसभा सांसद नारोलिया ने किया विधि कॉलेज भवन का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया जी ने शुक्रवार को गृह नगर नर्मदापुरम के बुधवाड़ा क्षेत्र में नवनिर्मित विधि महाविद्यालय भवन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, के अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से कार्य के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शेष कार्यों को तय समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, देवेन्द्र वर्मा, धर्मेंद्र जाट, गोपीकृष्ण जाट, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शजितेन्द्र कुमार पंत, एसडीओ राकेश कासदे, एसडीओ अशरफ हुसैन, उपयंत्री अंकित राठौर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुपालन में प्रतिमाह के तृतीय सप्ताह में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमे अनुकम में आज शुक्रवार को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड-अ में निरूद्ध बदियो हेतू जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम गन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष से सुश्री नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट) श्रीमति निधि पटवा नर्सिग ऑफिसर द्वारा परिरूद्ध 30 पुरूष बंदी एवं 16 महिला बंदी कुल 46 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई एवं परामर्श दिया गया।

## शक्ति शौर्य महारास का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा आज शाम 7 बजे अग्निहोत्री गार्डन फेस 1 में महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति शौर्य महारास का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक मनीष परदेशी ने बताया कि शक्ति शौर्य महारास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिला सशक्तिकरण अभियान की प्रेरणा से यह आयोजन किया जा रहा है। मातृ शक्तियां अपने हाथों में तलवार, ढाल और खप्पर थामकर मां शक्ति की आराधना करेगी। इस दौरान भारत माता की आरती की जाएगी एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां पहुंचेगी।

# आरटीओ अधिकारी रिंकू शर्मा ने किया, स्कूल बसों का निरीक्षण, 27500 का बनाया चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परिवहन आयुक्त के निर्देशों के पालन में परिवहन विभाग द्वारा नर्मदापुरम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकु शर्मा के नेतृत्व में प्रभारी संभागीय सुरक्षा स्क्वाड हिमांशु जैन द्वारा सख्ती से विषेश चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विशेष चैकिंग अभियान के दौरान आज 50 से अधिक स्कूल वाहनों को चेक किया गया।





वाहन चालकों को सुरक्षित परिवहन तथा वाहन के समस्त दस्तावेज, मेडिकल बॉक्स में हमेशा बिना एक्सपायरी की दवाएं रखने तथा अग्निशामक यंत्रों को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। विभाग द्वारा सख्ती से कार्यवाही करते हुए 09 वाहनों पर 27500 रुपए की चलानी कारवाही की गई।

# गरबा उत्सव में आरोग्य भारती प्रांताध्यक्ष बोले- नवरात्र में मां की आराधना भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति के उच्च साथ का है द्योतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्र में समस्त साधक अलग अलग प्रकार से माँ भगवती को प्रसन्न करने में रत रहते हैं। कोई पूजा, तो कोई पदयात्रियों को फलाहार, कोई बच्चियों को कन्याभोजन तो कोई प्रसादी वितरण कर मा के अनेक रूपों की भक्ति करता है। युवाओं में गरबे के माध्यम से माँ को मनाने का उत्साह देखते ही बनता है।

इसी क्रम में नर्मदा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साईंस नर्मदापुरम द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष व आध्यात्मिक स्वास्थ्य के अखिल भारतीय प्रमुख डॉ राजेश शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनन्या रघुवंशी ,जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ सौरभ रघुवंशी, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ रवि चढ़ार, प्रिंसिपल डॉ स्नेहा गावंडे, मीडिया प्रमुख मनोज सारन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की पूजा-आराधना के साथ हुआ।



स्वागत भाषण में नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ स्नेहा गावंडे ने कहा कि हम विद्यार्थियों को संवेदना के साथ मरीजों की सेवा के साथ ही भारतीय मूल्यों के साथ जीवन जीने की शिक्षा भी देते हैं।

आज का यह सांस्कृतिक आयोजन इस विचार को ध्यान में रखकर किया गया। डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति में मातृशक्ति को उच्च साथ प्राप्त है इसलिए माँ दुर्गा के रूप में हम उनकी आराधना करते हैं। यह उत्सव ऊर्जा के मातृ रूप को जाग्रत करने का उत्सव है।

# होम सांइस कॉलेज में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, खान-पान संबंधी दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से महिलाओ के स्वास्थ्यको लेकर सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त व नर्मदा अपना अस्पताल द्वारा लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष आरोग्य भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा एवं कालेज प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात कालेज स्टाफ ने सभी मुख्यातिथि और नर्मदा अपना



अस्पताल के चिकित्सको का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच से आरोग्य भारती के मध्य प्रांत के अध्यक्ष डाक्टर राजेश शर्मा ने उपवास का धार्मिक महत्व बताते हुए मेडिकल से जोड़कर बताया।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक परिवर्तन में उपवास करने से हमारा शरीर निरोगी और स्वस्थ रहता है अतः निरोगी रहने के लिए रहन-सहन खान-पान का बहुत महत्व बताया वही मोबाइल को ज्यादा इस्तेमाल घातक बताया। वही नर्मदा अपना अस्पताल के गुणी चिकित्सको की टीम ने छात्राओं की स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का निदान किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनन्या रघुवंशी ने छात्राओ के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई दी वही रहन सहन और खान-पान को लेकर समझाइश दी।

# होम साइंस कॉलेज में संभागीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, नर्मदापुरम में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में तथा प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रविंद्र कौशिक, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.



भारती दुबे, डॉ. श्रीकांत दुबे, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव एवं डॉ. संध्या राय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों का क्रीड़ा विभाग की ओर से पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. जैन ने विभिन्न महाविद्यालयों से आई खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें संबोधित किया गया।

# राहुल और प्रियंका पर की टिप्पणी के विरोध में युवा कांग्रेस ने फूंका विजयवर्गीय का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

युवा कांग्रेस नर्मदापुरम ने स्थानीय एकता चौक पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया बड़बोले कैलाश विजयवर्गीय के राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी से कांग्रेसजनों मे भयंकर आक्रोश व्याप्त है और उनका ये अशोभनीय बयान समाज को शर्मसार करता है विजयवर्गीय का यह बयान उनकी संकीर्न और घृणित मानसिकता को दर्शाता है शक्ति और उपासना के पर्व मा दुर्गा के पवित्र नवरात्र मे भाजपा के मंत्री का ये बयान उनके कुंठित व्यक्तित्व



का परिचय देता है आये दिनों विजयवर्गीय महिलाओ और बहनो के प्रति कभी उनके वस्त्र कभी उनकी शिक्षा कभी भाषा पर अमर्यादित बयान देते है कांग्रेस पार्टी उनके इस कृत्य की पुर ज़ोर निंदा करती है। पुतला दहन मे कार्यवाहक जिलाधक्ष फैज़ान उल हक़ , अनोखी राजोरिया, प्रदेश सचिव गुलाम मुस्तफ़ा , अजय सैनी, गुलाम हैदर , रोहन जैन , दीपसिंह सिसोदिया, आयुष्मान अवस्थी , रिज़वान खान, सत्यम तिवारी, आफरीद खान, कमलेश बाथरे , सिराज खान, कपिल यादव, सूरज तिवारी, संतोष दाऊ , शैलेन्द्र तोमर, मुन्ना लाल यादव , लकी खान, ललित मौर्य आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी मालवा में व्यंजनों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इसमें मिट्टी के खिलौने की भी प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें कुपोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को परियोजना कार्यालय सिवनी मालवा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा पोषण प्रदर्शनी जिसमें मोटे अनाज हरी पत्तेदार सब्जियां और पारंपरिक रेसिपी से बने व्यंजन प्रदर्शित किए गए प्रतिभागियों को संतुलित आहार कम नमक कम तेल कम चीनी के उपयोग और घरेलू स्तर पर पोषण सुधार के उपाय बताए गए।

## सेठानी घाट पर श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन जारी

# मंचन: स्वर्ण हिरण पर मोहित हुईं जानकी, छल से रावण ने किया मां सीता का हरण, व्याकुल हुए श्रीराम-लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लीला में दिखाया कि श्रीराम,जानकी और लक्ष्मण चित्रकूट पहुंचतें हैं मार्ग में अत्रि मुनि के आश्रम में जातें है वहां ऋषिपत्नी अनसूया सीताजी को अपने पास बैठाकर धर्म-कर्म की बातें समझाकर उन्हें दिव्यवस्त्र आभूषण भेंट करतीं हैं । आगे चलकर श्रीरामजी की भेंट शरभंग ऋषि से होती है ,पश्चात वन में ऋषि मुनियों के आश्रम में श्रेष्ठ मुनियों के समूह उनको हड्डियों का ढेर दिखलातें हैं , ये देखकर श्रीरामजी अपनी दौनों भुजाएं उठाकर प्रण करतें हैं कि मैं पृथ्वी को राक्षसों से रहित कर दूंगा ।

श्रीरामजी ,जानकीजी और लक्ष्मण जी दण्डक वन में पंचवटी



आश्रम में रहने लगतें हैं तभी वहां एक दिन रावण की बहन शूर्पणखा अपना भेष बदल कर आती है , लक्ष्मणजी उसके नाक कान काटकर मानों रावण को चुनोती दे देते हैं , फिर नाक कान कटी हुई शूर्पणखा अपने भाई रावण के पास पहुंचकर बतलाती है कि उसकी यह दशा श्रीराम ने की है और खर दूषण आदि का भी वध कर दिया है तब रावण विचार करता है क्योंकि ताड़का , सुबाहु , खर और दूषण आदि सभी रावण जितने ही बलशाली थे तब वह मारीच के पास जाता है और खड़यंत्र कर उसे स्वर्ण मर्ग बनाकर पंचवटी में ले जाता है जहां सीताजी श्रीरामजी से स्वर्ण मृग को लाने कहतीं है श्रीराम जी उसके पीछे जातें है, आश्रम को सूना देखकर राक्षसराज रावण साधु का भेष बनाकर ' भड़हिाई ' जैसा आता है और सीताजी का हरण कर रथ में बैठाकर आकाश मार्ग से ले जा रहा होता है तभी आकाश में उसका युद्ध गीधराज जटायु से होता है जहाँ रावण उसके पंख काट देता है , मारीच का वध करने के बाद जटायु श्रीरामजी को बतलातें है कि रावण सीताजी का हरण करके दक्षिण दिशा की ओर ले गया है , श्रीराम जी सीता जी की खोज में आगे निकलतें हैं । लीला के मंचन में अमित यदुवंशी ने सूर्पनखा , सुभाष परसाई ने रावण , दीपेश व्यास ने खर - दूषण, मनोजदुबे ने अत्रि और अनसूया का मनोज परसाई ने , राक्षसी शूर्पणखा का अरुण तिवारी , सुतीक्ष्ण और मारीच की भूमिका गोपाल शुक्ला ने की ।

# नर्मदा कॉलेज में कुटीर उद्योग पर जागरुकता व्याख्यान हुआ





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के परिपालन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योग के प्रति जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया।

इसमें जिला उद्योग विभाग नर्मदा पुरम से आए मुख्य प्रबंधक दुर्गेश वर्मा एवं देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने विद्यार्थियों को लघु एवं कुटीर उद्योगों को कैसे स्थापित करके उनसे रोजगार प्राप्त किया जाता है इस बारे में विस्तार से छात्रों को बताया।

प्राचार्य डॉ आरके चौकसे ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकारी नौकरियां में सीमित होती हैं जबकि कौशल दक्षता और प्रशिक्षण प्राप्त कर के आप अपना स्वयं का उद्योग या स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं जिससे अन्य लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग की संदिग्ध हालातों में मौत, जांच हुई शुरू

**बैतूल।** बैतूल के हमलापुर निवासी 65 वर्षीय सुभान खान की संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार को मौत हो गई। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां आज तडक़े उन्होंने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के मुताबिक घटना गुरुवार रात की है, जब सुभान खान को उल्टी की शिकायत के चलते परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि उन्होंने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। रात करीब करीब 10 बजे जिला अस्पताल में भर्ती करने के बाद उनका इलाज चलता रहा लेकिन आज तडक़े उनकी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में करवाया गया, जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर डायरी जांच के लिए गंज पुलिस को भेज दी है।

### मां खेड़ापति मंदिर में लगा भक्तों का तांता

**शाहपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर शाहपुर के सबसे प्राचीन मंदिर मां खेड़ापति मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ लगने लगती है। श्रद्धालु भक्त यहां पर पूरे 9 दिन जल चढ़ाने के लिए प्रतिदिन आते हैं। माता रानी से अपने लिए,अपने परिवार के लिए, अपने नगर के लिए, अपने देश के लिए, शांतिपूर्वक और अच्छा वातावरण की कामना करते हैं। भक्तों के पूजन अर्चन का यह सिलसिला पूरे 9 दिन नवरात्रि के उपलक्ष्य में जल चढ़ाने से लेकर पूजा अर्चना प्रतिदिन की जाती है। प्रतिदिन शाम को भी मां के मंदिर में पूजा अर्चना और आरती, दीपक प्रज्वलित करने के लिए यहां आते हैं। पूरे नगर में नवरात्र का भक्तिमय वातावरण बना रहता है। सभी माता रानी और भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन इस समय कर रहे हैं।

### पतौवापुरा आंगनबाड़ी केंद्र पर हुआ पोषण पखवाड़े का आयोजन



**शाहपुर।** क्षेत्र के अंतर्गत संचालित की जाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पतौवापुरा आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण पखवाड़े की प्रदर्शनी का आयोजन किया। सभी के द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन, जो पोषण तत्वों से भरे हुए हैं, उन्हें अपने घर से बनाकर आंगनबाड़ी केंद्र पर लाए। उन व्यंजनों को सजाकर पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्वेता शुक्ला आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 शाहपुर, श्याम कदम आंगनबाड़ी केंद्र पतौवापूरा, गरिमा उइके आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक शाहपुर, उषा श्रीवास आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 शाहपुर आदि महिलाओं के द्वारा आयोजन में हिस्सा लिया। सभी के द्वारा इन स्वादिष्ट व्यंजन का उपयोग किया गया। यह पोषण पखवाड़ा 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 16 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

### स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के उत्कृष्ट नागरिकों का किया सम्मान

**बैतूल।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बैतूल की स्वच्छता टीम द्वारा शुक्रवार को शहर के सभी वार्डों में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्डवासियों ने अपने-अपने घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखकर नगर पालिका द्वारा संचालित कचरा वाहनों में दिया। साथ ही मोहल्लों व गलियों को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश मत्सानिया ने बताया कि स्वच्छता अभियान में विशेष योगदान देने वाले वार्ड नागरिकों को नगर पालिका परिषद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से यह निवेदन भी किया गया कि वे आगे भी अपने बैतूल शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में निरंतर सहयोग करते रहें।

## बारिश से सड़कों की हालत खराब, जगह-जगह गड्ढे दे रहे लोगों को जख्म

# त्योहारी सीजन में लोगों को करना पड़ेगा कई परेशानियों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बारिश से शहर की सडक़ों की हालत खराब हो गई है। सडक़ पर जगह-जगह गड्ढे हो गये है। जिन पर वाहन चलाना चालकों के लिए किसी परेशानी से कम नहीं है। खासबात यह है कि इनमें से कुछ सडक़े चंद साल पहले ही बनी है। लेकिन अभी इन सडक़ों की हालत देखकर ऐसा नहीं लगता, कि यह सडक़ कुछ ही समय पहले बनी होगी। पिछले वर्ष ही गंज मस्जिद से कॉलेज की तरफ जाने वाली सडक को टू-लेन करने के साथ ही बीच में डिवाइडर और खूबसूरत स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, तब ऐसा महसूस हो रहा था कि यह सडक नगर की सबसे साफ और खूबसूरत सडक़ है, पर अभी एक वर्ष भी पूर्ण नहीं हुआ है और इस सडक का क्या हाल है, वह लोगों से छुपा नहीं है। नियमानुसार जो सडकें नगरपालिका के अधीन आती हैं और जो सडकें लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती हैं, इनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी विभाग की होती है। यदि सडक नई बनी हो, तब भी निविदा की शर्तों के अंतर्गत ठेकेदार को बाध्य कर सडकों का रखरखाव करवाना, इन दोनों विभागों का है, लेकिन नपा और पीडब्ल्यूडी द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने से सडक़ों के गड्ढे भर नहीं पा रहे है।

### शहर में इन सड़कों की हालत बेहद खराब

शहर की प्रायः ही कोई ऐसी डामर सडक़ होगी, जो बारिश के बाद ठीक-ठाक नजर आ रही हो। कॉलेज चौक, पुलिस ग्राउंड, गाढाघाट, अंडरब्रिज, लल्ली चौक, बस स्टैंड कोठीबाजार सहित अन्य सडक़ों की



हालत बारिश से इतनी खराब हो गई है कि इन सडक़ों पर जहां देखों वहां गड्ढे ही गड्ढे नजर आते है। इन सडक़ों की मरम्मत भी होती है तो सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित रहती है। मरम्मत के नाम पर सडक़ों पर टाट में पैबंद लगाने जैसा काम कर दिया जाता है। जानकार कहते है कि विभाग अधिकतर रखरखाव बारिश के मौसम में करते हैं जबकि नियमानुसार यह रखरखाव गर्मी और बारिश शुरू होने के बीच किया जाना चाहिए। इस वर्ष भी बारिश शुरू होने पर रखरखाव और नई सडकों का निर्माण शुरू किया गया जिसका असर आज शहर की हर सडक पर दिख रहा है।

### उबड-खाबड़ दिखती हैं सड़कें

नगरपालिका ने सौंदर्याकरण के तहत तीन सडक़ें बनाई हैं, इन टू लेन सडक़ों के बीच डिवाइडर लगाकर इन्हें सुंदर बनाने का काम किया गया है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इन सडक़ों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने के कारण जगह-जगह हो रहे गड्ढों को अलग से भरा जा रहा है। इससे समतल और प्लेन दिखाई देने वाली सडक़ उबड़ खाबड़ दिखाई देने लगी है, इन सडक़ों नेहरू पार्क के पीछे, गुरुद्वारा रोड कोठीबाजार अस्पताल के सामने की सडक़ें शामिल हैं, अलग से पेंचवर्क करने से समतल सडक़ों पर थेगड़े लगाने की मजबूरी है, जिससे सडक़ें खराब हो रही हैं। नपा या ठेकेदार बारिश का बहाना करके काम टाल रहे हैं। कोतवाली से लल्ली चौक और चौपाटी के पास वाइट टॉपिंग सडक़ बन रही है। इसके अलावा बाबू चौक पर एचडीएफसी बैंक के सामने सडक़ निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में सडक़ो के निर्माण से लोगों को त्यौहारों के सीजन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**इनका कहना है**

जिन सडक़ों पर गड्ढे हो गये है, उन्हें भरवाया जायेगा। जो सडक़े ग्यारंटी में है, उनको संबंधित ठेकेदार को ठीक करने के लिए कहा जायेगा।

- **सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### बरेठा में प्रतिदिन लगता है जाम, राहगीर हो रहे परेशान

**शाहपुर।** शाहपुर नगर से लगभग 8 किमी दूर बरेठा मंदिर के पास रोड खराब होने के कारण और घाट का क्षेत्र, जिसमें चढ़ाई और मोड अधिक है। आए दिन किसी ट्रक का एक्सल टूट जाता है, तो कोई ट्रक पलट जाता है। प्रतिदिन यहां वाहनों के खराब होने से इस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब शाहपुर सामु. स्वास्थ्य केंद्र में आए कई मरीजों को बैतूल रेफर किया जाता है। तो इस मार्ग में जाम लग जाने के कारण उन्हें घोड़ाडोंगरी मार्ग से रानीपुर होते हुए बैतूल ले जाया जाता है। जिससे मरीजों को इलाज की सुविधा में अनावशक काफी देर होती हैं। इलाज में देरी होने से कई बार अप्रिय सिथति भी बनती है। वहीं शाहपुर पुलिस थाना के कर्मचारी प्रतिदिन सारे जरूरी काम छोड जाम की स्थिति से निपटने के लिए यातायात को बाधित न होने देने के लिए प्रयासरत रहते हैं। वहीं यह रोड खराब होने के बावजूद वाहन मालिकों को टोल भी देना पड़ता है। आमजन को अगर किसी विशेष काम से बैतूल पहुंचना है, वह समय से अपने स्थान पर पहुंच नहीं पाता है। कई छात्रों को परीक्षा देने जाना पड़ता है, वह भी जाम के कारण समय से पहुंच नहीं पाते हैं और परीक्षा से वंचित रह जाते हैं। क्षेत्र के जागरुक लोगों ने शासन से अनुरोध किया है कि शीघ्र ही मार्ग को दुरुस्त करवाकर लोगों की मुसीबत भरी यात्रा से छुटकारा दिलाएं।

## मै हूं अभिमन्यु अभियान आयोजन

### विद्यार्थियों को समाज में फैली कुरीतियां दूर करना समझाया



**शाहपुर।** संदीपनी स्कूल शाहपुर में, मैं हूँ अभिमन्यु.. कार्यक्रम के तहत थाना प्रभारी शाहपुर मुकेश ठाकुर एवं स्टाफ द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न सामाजिक कुरीतियों एवं अपराधों जैसे नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, लिंगभेद आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी को इनके दुष्परिणामों से अवगत कराकर जागरूक किया गया एवं पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को लैंगिक भेदभाव न करने की शपथ दिलाई गई कि हम कहीं भी, कभी भी लैंगिक भेदभाव नहीं करेंगे। पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक दायित्वों के निर्वहन में महिलाओं के साथ बराबरी का योगदान देंगे। समाज में ऐसा वातावरण निर्मित करेंगे जिससे नारी को उनकी योग्यता के अनुरूप उन्नति के समान अवसर उपलब्ध हो सकें। इसकी शुरुआत आज और अभी अपने घर से करेंगे।

### शैक्षणिक भ्रमण के तहत छात्राओं ने देखा सैलून फैशियल, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप के बारे में जाना




**शाहपुर।** शासकीय मॉडल स्कूल शाहपुर की छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण के तहत द सीजर्स हाउस यूनिसेक्स सैलून बैतूल ले जाया गया। वहां के संचालक नीरज नागदे ने ब्यूटी थेरेपी, फैसियल हेयर स्टाइलिंग वैक्सिंग, एवं मेकअप में उपयोग की जाने वाली तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। शासकीय मॉडल स्कूल शाहपुर में ब्यूटी एंड वैलनेस विषय की शिक्षिका निशा परिहार ने छात्रों को इस क्षेत्र में उपलब्ध स्वरोजगार व नौकरी के अवसर के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं ग्राहक सेवा के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे, यह क्षेत्र युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है। शासकीय मॉडल स्कूल शाहपुर के प्राचार्य सुनील कुमार यादव ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण भविष्य में आयोजित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को व्यवसाय के अवसर प्राप्त हो सके। अपने करियर को लेकर वह अपनी सही दिशा तय कर सके। विद्यार्थियों द्वारा इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक प्रेरणादायक बताया गया।

## चालक ने अलग-अलग जगहों पर मारी टक्कर

# अनियंत्रित कार ने तीन को रौंदा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

शुक्रवार को शहर के शॉपिंग सेंटर से जय स्तंभ चौक के बीच उसे समय अफरातफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार कार चालक एक-दो नहीं, बल्कि तीन लोगों को अलग-अलग टक्कर मारकर भाग रहा था। लोगों ने जैसे ही तेज रफ्तार कार को देखा, वैसे ही उसके पीछे दौड़ पडे।

जय स्तंभ चौक के पास ब्रेकर पर जैसे ही कर स्लो हुई, लोगों को देखकर कार में सवार तीनों नाबालिक भाग निकले। जिनका पीछा करते हुए तीनों नाबालिकों को पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया शॉपिंग सेंटर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार एमपी 66 सी 2957 ने शॉपिंग सेंटर के व्यापारी पवन सपरा को पहले टक्कर मारी। इसके बाद सेंट्रल स्कूल के आगे पुलिया के पास एक महिला और उसके बच्चे को टक्कर मारी। आगे पैदल चल रहे एक और व्यक्ति कार की चपेट में आ गया। करीब 200 मीटर की दूरी में तीन लोगों को टक्कर मारकर आगे बढ़ रही कार को देखते ही अफरा तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल तीनों कार में सवार नाबालिक पुलिस थाने सारनी में है। जिन पर पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट कार जिससे दुर्घटना हुई है वह पाथाखेड़ा की है।

## श्रीराम फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया




**बैतूल।** श्रीराम फार्मेसी कॉलेज जामठी बैतूल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। वहीं सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत महाविद्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती रोशनी खातरकर ने फार्मासिस्ट के महत्व को बताया एवं इस उपलक्ष्य में कॉलेज प्रांगण में वृक्षारोपण समस्त स्टाफ के द्वारा किया गया। साथ ही समस्त फार्मासिस्ट स्टाफ को प्रसस्ती पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत श्री राम फार्मेसी कॉलेज में समस्त स्टाफ के द्वारा महाविद्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया एवं लोगो में पर्यावरण जागरुकता के लिए रैली निकाली गई। इस अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरुकता के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया गया। नशे से होने वाली बिमारियों और नशे से होने वाले नुकसान के बारे में ग्रामीणो को जानकारी दी गई।

# कारगिल चौक पर परिवहन विभाग ने आठ ऑटो व मैजिक किए जब्त

### बिना फिटनेस-परमिट चल रहे वाहन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश के निर्देशों के पालन में शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी बैतूल अनुराग शुक्ला द्वारा कारगिल चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहनों की जांच की गई।

कार्रवाई में 8 ऑटो एवं मैजिक वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। इन वाहनों में फिटनेस और परमिट नहीं होने के कारण प्रकरणों के निराकरण की प्रत्याशा में उन्हें मौके पर ही जप्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। चेकिंग के दौरान विशेष रूप से स्कूल बच्चों को परिवहन करने वाले वाहनों की गहन जांच की गई, ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान के दौरान नियम तोडऩे वालों पर सख्त कार्यवाही की गई और वाहन मालिकों को चेतावनी भी दी गई, कि भविष्य में बिना परमिट और फिटनेस वाहन चलाते पाए जाने पर और कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार पूरे जिले में विशेष चेकिंग अभियान चल रहा है, जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य सडक़ पर चलने वाले अवैध व बिना दस्तावेज वाले वाहनों पर रोक लगाना और विभिन्न यात्री वाहनों की नियमित जांच कर, उनमें किसी भी तरह की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करना, विशेषकर स्कूल बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है।

## सरकारी योजना की दी जानकारी

# पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों को बांटे गए ऋण स्वीकृति पत्र



**सारनी।** नपा परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सतत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार 26 सितंबर को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। वार्डों में भी जन जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद सारनी में स्वच्छोत्सव के तहत पी.एम. स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरीत किए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, कमलेश सिंह, पार्षद दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, नोडल अधिकारी केके भावसार की उपस्थिति में ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को इसका लाभ लेना चाहिए। पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जनधन योजना, पीएम श्रमयोगी योजना, एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना, भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृ वंदना योजना समेत अन्य योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर निकाय क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के अधिकारी भी उपस्थितों ने बैंकों से ऋण संबंधित प्रक्रिया की जानकारी दी। इसमें महिला बाल विकास विभाग से संगीता धुर्वे, स्वास्थ्य विभाग से मधुकर सूर्यवंशी आदि थे।

# तिलक मिटवाया तो बजरंगियों ने मचाया हंगामा, स्कूल प्रबंधन ने मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



कोल नगरी पाथाखेड़ा के एलएफएस स्कूल में शुक्रवार को उस समय हंगामा मच गया, जब स्कूल में अध्ययन हेतु गए विद्यार्थियों के माथे पर लगा तिलक मिटवा दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ने कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल पहुंचकर हंगामा मचाया। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता द्वारा स्कूल में नारेबाजी करने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी वंशज श्रीवास्तव दलबल के साथ स्कूल पहुंचे और व्यवस्था संभाली। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी से बात की और दोबारा इस तरह की गलतियां नहीं होने का आश्वासन दिया। एलएफएस स्कूल कि शिक्षिका से पुनः तिलक करवाया गया। इसके बाद बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी वापस लौट आए। एलएफएस पाथाखेड़ा में नारेबाजी का प्रदर्शन करने वालों में निशांत भंडारे, राकेश बारंगे, अंजनी सिंह, राणा प्रताप सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

### एक दिन एक घंटा एक साथ अभियान के अंतर्गत मोक्ष धाम पर किया श्रमदान



**भैंसदेही।** नगर परिषद भैंसदेही क्षेत्र के अंतर्गत मोक्ष धाम पर शासन निर्देशानुसार एक दिन एक घंटा एक साथ अभियान के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम नगर के प्रथम नागरिक नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी रीना सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में गुरुवार को प्रातः कालीन बेला में प्रारंभ किया गया, जिसमें नगर के जनप्रतिनिधिगणो गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने कहा कि मोक्षधाम पर शीघ्र ही अन्य व्यवस्थाएं प्रारंभ की जावेगी। साफ-सफाई के लिए जनसेवकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसमें नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जनपद सदस्य ऋषभ दास सावरकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, पार्षद पिपरदे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष पाल, भाजपा नेता अमित उघड़े, बंटी गुरव, कार्यक्रम प्रभारी वमन पाटणकर, अशोक कुबडे, ललित उइके, सुभाष सारवान, सौरभ राजूरकर, सुमित गायकवाड, योगेश सोनी, सफाई दरोगा किशोर धोटे, सफाई कर्मी जनसेवक उपस्थित रहे।

## कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बैतूल इकाई का शपथ ग्रहण समारोह

# कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बैतूल इकाई का शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स मध्यप्रदेश की जिला इकाई बैतूल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 25 सितंबर को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि में भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्री व बैतूल सांसद दुर्गादास उईके मौजूद रहे।

समारोह की अध्यक्षता केट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. भारतीय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेशचंद्र गुप्ता, कैट मप्र. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल, धीरेन पटेल, प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, संभागीय अध्यक्ष मनजीत सिंह, प्रदेश मंत्री उमेश तिवारी शामिल हुए। इस मौके पर कैट जिला इकाई बैतूल द्वारा जिले की गौरव, बेटी दुर्गा यादव का भी सम्मान किया गया एवं क्रिकेट बैट दिया व नगद प्रोत्साहन राशि भी दी गई। दुर्गा यादव का चयन भारतीय दृष्टिहीन महिला ब्लाइंड टी-20 क्रिकेट टीम में हुआ है और वह नवंबर में शुरू हो रही वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. भरतिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ अभियान में जुटना है। भारत को आगे बढ़ाना है तो हमें विदेशी सामानों का बहिष्कार करना होगा, देश के युवाओं को रोजगार के अवसर देने का प्रयास करना है। प्रत्येक दुकान पर विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा फ्लेक्स, पोस्टर लगाए जाएं। देशी सामान के विक्रय को बढ़ाने के प्रयास हो और सामूहिक प्रयासों से ही हम भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बना सकते हैं। मुख्य अतिथि दुर्गादास उईके ने कहा कि श्री भरतिया ने जो कहा है, निश्चित ही बैतूल इकाई प्रयासों को पूरा करेगी, और बैतूल इकाई पिछले कई वर्षों से जिले में व्यापारियों के प्रति और समाज के प्रति दायित्व निभा रही है।

### राजा जनक ने पखारे वर राम और वधू सीता के पांव, किया कन्यादान

# नागरिक बने श्रीराम के बाराती, धूमधाम से निकाली गई दशरथ नंदनों की बारात

राम नाट्य समिति सोहागपुर ने नगर के गांधी मंच पर गुरुवार रात दशरथ नंदन राम एवं जनक नंदिनी सीता के विवाह प्रसंग का मंचन किया गया। इसके पूर्व शहर में धूमधाम से दशरथ नंदनों की बारात निकाली गई। जिसमें नागरिक बाराती बन सम्मिलित हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

राम नाट्य समिति सोहागपुर ने नगर के गांधी मंच पर गुरुवार रात दशरथ नंदन राम एवं जनक नंदिनी सीता के विवाह प्रसंग का मंचन किया गया। इसके पूर्व शहर में धूमधाम से दशरथ नंदनों की बारात निकाली गई। जिसमें नागरिक बाराती बन सम्मिलित हुए। राम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन एवं अखिलेश मालवीय ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक कृष्णा पालीवाल, बसंत पालीवाल एवं सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल के निवास से बारात निकाली गई। जिसमें रथ पर दशरथ नंदन राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न वर रूप में विराजे। बारात शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मंच पहुंची। जहां दशरथ नंदनों को



कांधे पर बिठाकर मंच तक पहुंचाने के लिए नागरिक लालायित नजर आए। जनकपुरी में वरों का राजा जनक ने स्वागत किया एवं वर राम व वधु सीता के पांव पखारे व कन्यादान किया। सनातन धर्म के इस विशिष्ट धार्मिक प्रसंग का मंचन देखने सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे। राम-जानकी विवाह दौरान पांव पखराई में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

### ये बने बाराती



राम बारात में वरिष्ठों व जनप्रतिनिधियों सहित युवा बाराती बन सम्मिलित हुए। बाराती रूप में पूर्व नपाध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, चंद्रकांत चौरसिया, मंगल सिंह रघुवंशी, बीके शर्मा, हर्षकुमार पालीवाल, रमेश पालीवाल, आध्यात्मिक गुरु पं. प्रकाश मुद्गल, कृष्णा पालीवाल, अभिलाष चंदेल, अभिषेक जैन, यशवंत पटेल, चुन्नीलाल मुद्गल, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, संजय तिवारी मातापुरा, राकेश चौरसिया, शारदोत्सव समिति संयोजक पवन चौहान, संजय दीक्षित, राजेश दुबे, मनोज अग्रवाल, प्रशांत बसेड़िया, जीवन दुबे, नीलेश खंडेलवाल, रत्नेश सोनी, नीलेश सोनी, श्रीकांत पटेल, रीतेंद्र ठाकुर, युकां नेता कार्तिक शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, भाजयुमो नेता अभिनव पालीवाल, दशहरा समिति अध्यक्ष देवांशु शर्मा, आशीष पुरोहित, गौरव अग्रवाल, राम नाट्य समिति अध्यक्ष अनिल जैन, अखिलेश मालवीय, शरद चौरसिया, अरुण चौरसिया, लोचन सोनी, गिरीश पालीवाल, पार्षदद्वय गौरव पालीवाल व आशीष विश्वकर्मा, पर्यावरण संस्था डायरेक्टर गोलू अग्रवाल, कुलदीप साहू सहित सैकड़ों नागरिक सम्मिलित हुए।

### किया बारात का स्वागत



दशरथ नंदनों की बारात का विभिन्न स्थलों पर स्वागत किया गया। अर्चना सांस्कृतिक संस्था सदस्यों ने मिश्र जी बिहारी मंदिर के समक्ष बारात पर पुष्प वर्षा की। बिहारी चौक पर सोहागपुर जैन समाज ने अध्यक्ष अभिषेक जैन के नेतृत्व में रामनामी पट्टिका से बारातियों का अभिनंदन किया। वहीं अंजुमन कमेटी अध्यक्ष जावेद खान, मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष वसीम खान, वरिष्ठ अधिवक्ता हनीफ खान, आरिफ मामू, माइकल इदरीश खान, राजा खान, रिजवान खान, समीर खान, पत्रकार आदाब खान आदि ने सोहागपुर मुस्लिम समाज की ओर से बारातियों एवं दशरथ नंदनों पर पुष्प वर्षा कर जलपान से स्वागत किया।

## बनापुरा मंडी में रौनक, गेहूं-चना की भारी आवक, मूंग ने दिखाया दमदार भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी मालवा

किसान अपने पसीने की कमाई लेकर जब बनापुरा मंडी पहुंचे तो मंडी प्रांगण पूरे दिन रौनक से भरा रहा। यहां किसानों की मेहनत रंग लाई और अलग-अलग फसलों की आवक ने बाजार को गुलजार कर दिया। कुल 95 किसानों की 2061 क्विंटल उपज मंडी में बिकवाली के लिए पहुंची। सबसे ज्यादा आवक गेहूं की रही, जिसने मंडी में चहल-पहल बनाए रखी। गेहूं का भाव 2550 रुपये से 2680 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा और औसतन 2612 रुपये का भाव किसानों को मिला।

चना की आवक 79 क्विंटल दर्ज की गई। भाव में मजबूती के साथ यह 4575 रुपये से 5000 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका और औसत 4875 रुपये का भाव किसानों को राहत देने वाला रहा। सोयाबीन की आवक कम रही, केवल 25 क्विंटल, लेकिन इसका भाव 4300 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

सबसे ज्यादा खुशियां मूंग ने बिखेरी। 263 क्विंटल आवक के साथ इसका भाव 6350 रुपये से 7540 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा। औसतन 6975 रुपये का भाव किसानों के चेहरे पर मुस्कान छोड़ गया। सरसो की आवक 12 क्विंटल रही और इसका भाव 6001 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। वहीं चना कबुली ने भी 33 क्विंटल आवक के साथ अच्छा भाव दिया और यह 4345 रुपये से 5300 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका।

मंडी समिति ने किसानों से कहा है कि यदि बेची गई उपज का भुगतान तीन दिन के भीतर नहीं मिलता है तो किसान तुरंत मंडी कार्यालय में इसकी जानकारी दें। आज के मंडी भावों में जहां गेहूं और चना की भारी आवक से बाजार गुलजार रहा, वहीं मूंग के दमदार भाव ने किसानों को नई उम्मीद और हौसला दिया।

## महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया में किया छात्र-छात्राओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

माखन नगर श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ नीता चौबे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया में जिला नर्मदापुरम के विभिन्न महाविद्यालयों के रासेयो स्वयंसेवकों का चयन किया गया जिसमे यशस्वी ठाकुर, दीक्षा अहिरवार, निकिता, प्रेरणा पाल, समरजीत सिंह, कपिल अहिरवार का चयन किया गया।

चयन समिति में डॉ आर.आर. राठौड़, डॉ आई एस कनेश, पूजा गोस्वामी, डॉ यास्मीन खान, डॉ एस के दिवाकर , डॉ विनोद राय



उपस्थित रहे। चयनित स्वयंसेवक आगामी 6 अक्टूबर को विश्वविद्यालय स्तर पर चयन हेतु उपस्थित होंगे। रासेयो जिला संगठक प्रो. दिग्विजयसिंह खत्री की उपस्थिति में रासेयो स्वयंसेवकों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में महाविद्यालय रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पंकज बैरवा , डॉ अनिता साहू और स्वस्तिक रावत का सराहनीय योगदान रहा।

## माखननगर में माता शैलपुत्री को ओढ़ाई चुनरी, रथ में सजाई नौ देवियों की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

माखन नगर सेनानी परिवार विट्ठलेश सेवा समिति लायंस क्लब एवं नगर वासियों के सहयोग से पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा चुनरी यात्रा निकाल कर माता शैलपुत्री को चढ़ाते है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से सिंदूर चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया जो बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई शनिचरा बाजार शैलपुत्री धाम पहुंची माता



शैलपुत्री को चुनरी चढ़ाई गई आरती कर प्रसादी वितरण की गई। चुनरी यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया चुनरी यात्रा का मुख्य आकर्षण नौ रथ में नो में दैवी की झांकी रही चुनरी यात्रा में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति मौजूद रही।

## पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य ने शिक्षिका को किया आपत्तिजनक एसएमएस

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथवास के पी,एम,श्रि विद्यालय केप्राचार्य के द्वारा विद्यालय की ही एक शिक्षिका को वाट्सएप पर गलत एसएमएस करने का मामला सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। जिसमें शिक्षिका के द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को शिकायत भी की है।जिसकी जानकारी सूत्रों के माध्यम से मीडिया को भी प्राप्त हुई है लेकिन इस विषय में प्राचार्य से चर्चा करनी चाही तो मोबाइल बंद बताया गया। याद रहे प्राचार्य की पत्नी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सांसद प्रतिनिधि भी रह चुकी है। जिनके बच्चे भी बराबरी के है तथा वाह्य पढ़ रहे हैं। इस विषय में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उन्हे आवेदन सौंपा गया था। पर विभागीय गुप्त मामला होने के कारण समझाने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन शिक्षिका ने कार्यवाही करने का कहा है। तो प्राचार्य को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है। उसके बाद ही कुछ किया जा सकता है।

## 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहापुर

केंद्र सरकार द्वारा जन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच नियमित ही तय मापदंडों के अनुसार की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिलाओं के वजन की जांच की गई तथा अधिक वजन पाए जाने पर महिलाओं को विशेष परामर्श दिए, ताकि उनका वजन नियंत्रित हो सके। महिला एवं बाल विकास सोहागपुर परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों पर वजन जांचने का कार्य अभियान अंतर्गत किया गया है। इस दौरान तिग्गा ने ग्राम श्रीरंगपुर के आंगनबाड़ी केंद्र



का निरीक्षण किया तथा पाया कि एएनएम संगीता बट्टी द्वारा महिलाओं के वजन की जांच की जा रही है तथा उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

## प्रजा पिता ब्रह्मकुमारी आश्रम ने किया कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

माखन नगर प्रजा पिता ब्रह्मकुमारी आश्रम पिपरिया से आई शैलम दीदी ने साहू मोहल्ला में एक कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहा हमें व्रत केवल भोजन का ही नहीं करना चाहिए हमें जीवन में कभी क्रोध न आए हमारी वृत्तीया श्रेष्ठ हों तब ही हमारा व्रत पूजा पाठ सफल होगा दीदी ने नवरात्रि पर विशेष प्रवचन देते हुए कहा वर्ष में चैत्र एवं अश्विन में नवरात्रि आती हैं जिसमें मातृशक्ति पूजन पाठ आराधना करती है नवरात्रि में देवी पूजा का विशेष महत्व है वार्ड की पार्षद रुक्मणी साहू एवं उपस्थित बहनों ने दीदी का तिलक कर पुष्प हार से स्वागत किया कार्यक्रम के समापन पर प्रसादी वितरण की गई।

## सिवनी मालवा के गोद ग्राम सतवासा में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में मध्य प्रदेश शासन रेड रिबीन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सेवा पखवाड़े के तहत गोद ग्राम सतवासा पंचायत भवन में आज रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया 1 महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में ने शिविर का आयोजन किया गया 1 इन शिविरों का उद्देश्य युवाओं और समुदाय में स्वास्थ्य और रक्त समूह की जानकारी के प्रति जागरूकता पैदा करना है 1

इस रक्त परीक्षण शिविर में ग्राम वासियों एवं बच्चों का रक्त परीक्षण , एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया 1 इस शिविर के माध्यम से संदेश दिया गया कि सेवा पखवाड़ा अभियान




स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का अभियान है 1 जो प्रत्येक नागरिकों को स्वस्थ जीवन प्रदान करना चाहता है 1 इस अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न तरह के शिवरो का आयोजन किया जा रहा है 1

जिनका लक्ष्य सभी को उचित स्वास्थ्य लाभ देना 1 इस कार्यक्रम में मती अनुरागिनी सरेआम एल एच वी,मती अरुणा कटारे सी एच ओ , मती रानी रघुवंशी सी एच ओ ग्राम पंचायत सरपंच तरुण बकोरिया सातवासा मिडिल स्कूल प्राचार्य प्रदीप गौर इस कार्यक्रम का सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहन सिंह गुर्जर रेड क्रॉस विंग प्रभारी डॉ नवनीत कुमार सोनारे एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रेम नारायण परते डॉ रश्मि सोनी गौरव बिलथरिया का विशेष सहयोग रहा।

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों का पचमढ़ी में होगा प्रशिक्षण शिविर, राहुल, मल्लिकार्जुन खड़गे रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के कांग्रेस जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग नवंबर महीने में पचमढ़ी की सुंदर वादिओं में हो सकती है। सूत्रों की माने तो राहुल और खड़गे के साथ 20 सदस्य टीम सभी जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग कार्यशाला लेगी। यह ट्रेनिंग सेशन प्रशिक्षण शिविर करीबन 10 दिवसीय रहने वाला है। संगठन को मजबूत बनानाः इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। रणनीतिक तैयारीः इसमें जिला अध्यक्षों को आगामी चुनावों के लिए रणनीति बनाने और पार्टी के रोडमैप पर काम करने के लिए तैयार किया जाता है।

**कौशल विकासः** उन्हें मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और जमीनी स्तर पर




कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। जवाबदेही तय करनाः इस तरह के प्रशिक्षण में जिला अध्यक्षों को उनकी जिम्मेदारियों और जवाबदेही के बारे में भी बताया जाता है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला अध्यक्षों को जिले में किस तरह जमीनी स्तर पर काम करना है उसके लिए तैयार किया जाएगा। राहुल गांधी जिस तरह देश में वोट चोरी और इलेक्शन कमीशन को लेकर मामले उजागर कर रहे हैं उस पर भी प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला अध्यक्ष को तैयार किया जाएगा और उन्हें अपने जिलों में वोट चोरी से जुड़ी जानकारियां एकत्रित करने के संबंध में भी ट्रेनिंग दी जा सकती है। 10 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान योग,सात्विक भोजन,सोशल मीडिया हैंडल का बेहतर उपयोग, पॉडकास्ट इंटरव्यू गाइडलाइन जैसे एहम टॉपिक कर किए जाएंगे। सूत्रों की माने तो यह प्रशिक्षण शिविर सितंबर के आखिर या अक्टूबर के शुरुआती दिनों में होना था लेकिन कुछ कारणवश इस शिविर को नवंबर महीने में शिफ्ट किया जा सकता है। कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर इस प्रशिक्षण शिविर में भरपूर ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर को लेकर कांग्रेस पार्टी के आला अधिकारियों ने बीते कुछ दिनों में पचमढ़ी विजिट किया है।

## 4 लाख से बने सुलभ कांप्लेक्स का विधायक ने किया लोकार्पण, नागरिकों को मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

स्वच्छ भारत मिशन 2अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में 24 लाख की लागत से सुलभ कांप्लेक्स कानिर्माण किया है जिसका शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ने लोकार्पित करते हए नागरिकों की सुविधा के लिए समर्पित किया लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा केंद्र सरकार के 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े काआयोजन चल रहा है जिसमें विशेष रूप से श्रमदान विशेष साफ सफाई जन जागरूकता राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी पखवाड़े में नगर वासियों को 24 लाख से बना सुलभ कंपलेक्स जनता को समर्पित किया जा रहा है अन्य विकास कार्य भी चल रहे हैं



और जो भी जरूरी विकास कार्य हैं उन्हें भी कराए जाएगे लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष रीना तिवारी विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष सावित्रीबाई परिनामें विशेष अतिथि वार्ड पार्षद वंदना रत्नेश बडगूजर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी ने कहा लोकप्रिय विधायक विजयपाल सिंह के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपूर्ण नगर का विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ जन फूलचंद मालवीय पार्षद रश्मि मिश्रा प्रिया मालवी रुक्मणी साहू सविता यादव राम सखी यादव लक्ष्मी अहिरवार नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी एस राजपूत उप यंत्री प्रमोद धुर्वे नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने दी पोषण की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पचमढ़ी

वार्ड नं9 08,6 मैं पोषण प्रदर्शनी लगाकर पोषण माह गतिविधि में आज जीवन के प्रथम 1000 दिवस और मस्तिष्क का विकास जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा पोषण के बारे में जानकारी दी गई पोषण के नेतृत्व मैं सामुदायिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मैं एएनएम से निशा चौधरी, पर्यवेक्षक रजनी वर्मा, एएनएम हर्षाली सिस्टर, ममतासिस्टर, कार्यकर्ता वर्षा उपाध्याय, रेखा नारिया, सहायिका हर्षा मेहरा, मनीषा मर्सकोले, गर्भवती, धात्री महिलाएं बच्चे आदि उपस्थित हुए।

### जगह-जगह हो रहे अयोजन

## नगर में मची गरबा नृत्य की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा महोत्सव कीधूम मची है। नगर में प्रत्येक समाजों के द्वारा अलग-अलग गरबा महोत्सव के आयोजन किया जा रहेहै। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रघुवंशी महिलामच के द्वारा तीसरी बार गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यअतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनगपाल अखिल भारतीय रघुवंशी मा परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सीमा मदन रघुवंशी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्रीममता नागवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता



भगवान सिंह पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष जनपद पंचायत सदस्य कमला हीरालाल रघुवंशी अर्चना रघुवंशी मुस्कान रघुवंशी पर्वता रोहि की उपस्थिति में कार्यक्रमका आयोजन किया गया ।

तथा ब्राह्मण समाज केद्वारा भी गर्वा आयोजित किया गया। हिंदू महिला शक्ति के के द्वारा फैमिली गरबा नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक ममता शर्मा, उपासना तिवारी ने टाप माडल प्रियंका पटेल को आमंत्रित किया। तथा लकी ड्रा के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिए गए। सभी समाज की महिला ने भाग लिया।

जायसवाल महिला परिषद की अध्यक्ष जया राजीव जायसवाल ने भी टूरिस्ट होटल में गर्वा आयोजित किया गया। जिसमें जायसवाल,राय, चौकसे सहित कलार समाज की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम प्रारंभ में मां दुर्गा छाया चित्र स्थापित करके पूजन किया गया। तथा सभी को भोज का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क सहायक उपकरण वितरण आज

**हरदा।** दिव्यांगजनों के लिये भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आज 27 सितम्बर को आयोजित होगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग हरदा कमलेश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम दोपहर 11 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हरदा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके माह जनवरी 2025 में चयनित हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल व सहायक उपकरणों का वितरण करेंगे।

### आज सिराली में लगेगा शिविर

**हरदा।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिये भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा निकाय स्तर पर परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग, कमलेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 27 सितम्बर को नगर परिषद सिराली में शिविर आयोजित होगा।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 6 अक्टूबर को

**हरदा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कमल सांस्कृतिक मंच द्वारा पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के जन्मदिन के अवसर पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन 6 अक्टूर 2025 दिन सोमवार को रात्रि 9 बजे से मिडिल स्कूल ग्राउण्ड हरदा पर किया जायेगा। कमल सांस्कृति मंच के संयोजक देवीसिंह सांखला ने बताया कि 2005 से कमल पटेल जी के जन्मदिन के अवसर पर कवि सम्मेलन की शुरूआत की थी। अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का यह 20 वॉ वर्ष है। सांखला ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कविगण अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। आमंत्रित कविगण है हास्य के बेताज बादशाह जानी बैरागी, देष के सुप्रसिद्ध संचालक शषिकांत यादव, जानी मानी श्रंगार रस की कवियत्री डॉ. भुवन मोहिनी, हास्य के जादूगर दिनेश देशी घी, वीर रस के ओजस्वी कवि अपूर्व विक्रम शाह, श्रंगार रस की कवियत्री निधि गुप्ता एवं हास्य रस के कवि धीरज शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे।

### चार दिवसीय गरबा वर्कशॉप का शुभारंभ

**सीहोर।** नवरात्रि का पर्व माँ की अराधना का पर्व नगर में उत्साह व उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आगामी 28 सितम्बर, दिन रविवार को नगर में स्थित कुईया गार्डन में सिद्धपुर गरबा उत्सव का भव्यता के साथ आगाज होने जा रहा है, इसके अन्तर्गत निःशुल्क चार दिवसीय गरबा वर्कशाप की शुरुआत आज बुधवार को माँ जगत जननी की पूजा अर्चना, आरती के पश्चात हुई। सर्वप्रथम आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश काशिव ने माँ जगत जननी के चित्र पर पूजा अर्चना कर माता रानी को पुष्पमाला एवं चुनरी उड़ाकर विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपस्थित महिला एवं युवतियों ने माँ दुर्गा की आरती व अराधना की। साथ ही कोरियोग्राफर्स मुस्कान अग्रवाल द्वारा चार दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। उनका भी श्रीमति सीमा सक्सेना, शालिनी आर्य एवं सरोज ठाकुर द्वारा अंग वस्त्र उड़ा कर व मंगल तिलक लगाकर सम्मान किया। इस वर्कशाप में बड़ी संख्या में महिलाऐं एवं युवतियाँ शामिल हुई।

### जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने सीहोर जिला जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल में बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि जेल की निरोध अवधि को दंड नही बल्कि चिंतन एवं मनन कर आत्मबोध का समय समझना चाहिए एवं इस अवधि में हमे अपनी गलतियों से सीखते हुए आगे उन्हे नही दोहराने का प्रण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर जाने के बाद सकारात्मक जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।

---

### दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य सुधार एवं नस्ल उन्नयन के लिए कार्य किया जाएगा

# जिले को दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश में अव्वल बनाने के प्रयास होंगे: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



उन्नत खेती में अग्रणी हरदा जिले को अब दुग्ध उत्पादन में प्रदेश में अव्वल बनाने का बीड़ा उठाया गया है। जिले में दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी लाने दो अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान पशु स्वास्थ्य सुधार का विशेष कार्यक्रम चलाया जाएगा। अभियान के तहत पशु चिकित्सा विभाग का मैदानी अमला पशु पालकों से घर-घर जाकर सम्पर्क करेंगे। अभियान में पशु नस्ल सुधार, पशु रोग नियंत्रण, गोशालाओं में उपलब्ध अवर्णित नर बछड़ों का बधियाकरण, गोशालाओं में उपलब्ध प्रजनन योग्य मादाओं में नस्ल सुधार का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही हिरण्यगर्भा योजना सहित पशुपालन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार भी किया जाएगा। यह अभियान 9 अक्टूबर तक संचालित होगा। अभियान की मॉनिटरिंग मोबाइल एप के माध्यम से की जाएगी। अभियान से जुड़ा मैदानी अमला अभियान की गतिविधियों को मोबाइल एप पर अपडेट करेगा।

#### मैदानी अमले से बेहतर परिणाम प्रदर्शित करने की अपेक्षा की

अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये शुक्रवार को पशुपालन विभाग के मैदानी अमले, पशुपालक, पशु मैत्री एवं एसआरएलएम की पशु सखियों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संबोधित करते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जिले को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाना है। अभियान के दौरान दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिये पशुपालकों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही अभियान की गतिविधियों की मोबाइल एप से मॉनिटरिंग की जाएगी। जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ने से दुग्ध प्रोसेसिंग एवं दुग्ध उत्पादों से संबंधित उद्यम स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। नतीजतन पशुपालकों की आय में इजाफा के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कलेक्टर ने इस अभियान से जुड़े मैदानी अमले से बेहतर परिणाम प्रदर्शित करने की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों, सहयोगियों एवं पशुपालकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

#### पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, रखरखाव के प्रति जागरुक किया जाएगा

कार्यशाला में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अजय रामटेके ने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में 2 अक्टूबर से 10 एवं इससे अधिक पशु रखने वाले पशुपालकों से सम्पर्क प्रारम्भ किया जाएगा। इस दौरान पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं रखरखाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले से वर्तमान में दुग्ध संघ को प्रतिदिन 1800 लीटर प्रदाय किये जाने वाले दुग्ध को उत्पादन बढ़ाकर 5000 लीटर तक प्रतिदिन दुग्ध प्रदाय किया जाना है। कलेक्टर जैन ने कार्यक्रमें श्रेष्ठ कार्य करने वाली पशु सखी संगीता नागवंशी, गिरिजाबाई व संगीता बकोरिया, एव्हीएफओ राहुल उइके, महेश कौशल व रामनारायण गौर, सहित अन्य को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

---

### छात्रा को दिलाया नया जीवन

# लैपटॉप प्रदान कर पढ़ाई का पूरा खर्च उठाएंगे शाह



**खंडवा।** जिले की कन्या शिक्षा परिसर संदलपुर खालवा की छात्रा रानी पिता वीरसिंह का विगत वर्ष गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद लंबे समय तक इंदौर के एमवाय अस्पताल में इलाज चला। छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह ने व्यक्तिगत रूप से सक्रियता दिखाते हुए हर संभव प्रयास किए और तीन बार स्वयं अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को उचित इलाज करने के निर्देश दिए। उनके प्रयासों से छात्रा को बेहतर उपचार मिला और अब वह पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट आई है। छात्रा के स्वस्थ होने के बाद मंत्री विजय शाह अस्तरिया पंधाना स्थित उसके घर पहुंचे और मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी। उन्होंने छात्रा का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीवन की कठिन परिस्थितियों को पार कर शिक्षा की ओर आगे बढ़ना ही सबसे बड़ी जीत है।

गुरुवार को कन्या शिक्षा परिसर संदलपुर खालवा के पहुंच मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह ने पुनः छात्रा रानी से मुलाकात की और उसके हालचाल जाने। इस अवसर पर उन्होंने छात्रा को बेहतर शिक्षा के लिए लैपटॉप भेंट किया और घोषणा की कि आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च उनकी ओर से वहन किया जाएगा। मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मंत्री द्वारा किए गए इस कदम से छात्रा के चेहरे पर खुशी लौट आई और विद्यालय परिसर में भी हर्ष का माहौल बन गया। यह पहल न केवल छात्रा के लिए नई ऊर्जा का संचार करने वाली है बल्कि समाज में भी शिक्षा और संवेदनशीलता के महत्व का सशक्त संदेश देती है।

### वयोश्री योजना के तहत वृद्धजनों का सम्मान किया




सेवा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने वृद्धजनों को आवश्यक उपकरण वितरित किए। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्धजनों को श्रवण यंत्र, छड़ी, कृत्रिम डेंचर और व्हीलचेयर जैसी सामग्री दी गई। इस अवसर पर मंत्री शाह ने वृद्धजनों का माल्यार्पण कर सम्मान भी किया। विधायक कंचन मुकेश तन्वे, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर, सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्णा सुशिर, राजभवन भोपाल के जनजातीय प्रकोष्ठ में पदस्थ डॉ. दीपमाला रावत सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री शाह ने कहा कि वृद्धजन हमारे पूज्यनीय होते हैं और उनका सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक वर्ष में 5 लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है। विधायक कंचन तन्वे ने कहा यह सराहनीय कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। डॉ. दीपमाला रावत ने बताया कि वर्ष 1995 में 7 तरह की दिव्यांगता अधिसूचित की गई थी, जिसे वर्ष 2016 में बढ़ाकर 21 कर दिया गया। अब सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों को भी दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया गया है। कार्यक्रम के दौरान नानकी देवी और रत्ना देवी को श्रवण यंत्र, कन्हैया प्रजापति और मोहनलाल आरतानी को छड़ी, रशीद शाह और प्रहलाद काले को कृत्रिम डेंचर, खैरून्निसा और गुलाब बाई को व्हीलचेयर, गोपालदास मंगवानी को छड़ी और कान की मशीन तथा प्रहलाद कड़वा को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए।

---

### भारतीय किसान संघ की बैठक

## संगठन को मजबूती देने कार्यकर्ता ग्राम इकाइयों में प्रवास करें



रहटगांव। भारतीय किसान संघ की तहसील मासिक बैठक शुक्रवार को कृषि उपज मंडी रहटगांव में हुई बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दीपक पटेल द्वारा की गई। इसमें एक दिवसीय प्रवास पर आए प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश तिवारी, ने तहसील की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ता निरंतर ग्राम इकाइयों में प्रवास करें। और सभी ग्राम इकाइयों में साप्ताहिक बैठक संपन्न कराए उन्होंने भारतीय किसान संघ की रीति नीति एवं कार्य पद्धति से किसानों एवं कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। किसानों ने चर्चा की तो उन्होंने आश्वासन दिया कि इस विषय को में जल्द से जल्द मुख्यमंत्री से चर्चा करके इस समस्या का निराकरण करेंगे। उन्होंने इस विषय पर गंभीरता से सुनी और आश्वासन दिया, कि यह समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। रहटगांव में नगद खाद वितरण केंद्र के लिए डीएमओ के लिए जगह आवंटन करने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित तहसील प्रभारी लोकेश गोर तहसील मंत्री सियाराम संभाग युवा वाहिनी विष्णु गौर, हरिओम गौर, शरद पटेल, अनिल गौर, सुरेश गौर, शांतिलाल गौर, दीपक पटेल, राजेश भंवर सिंह अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत कराया मेडिटेशन

## विकारों को दूर करने बच्चों को मानसिक क्रिया करवाई, होती है शरीर की सफाई



**हरदा।** पुलिस प्रशासन हरदा द्वारा संचालित जागरुकता अभियान मैं हूँ अभिमन्यु अभियान के तहत गुरूवार को मेडिटेशन करवाया गया। रक्षित उपनिरीक्षक रजनी गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यम शाला में हार्टफूलनेस मेंटर प्रशिक्षक ताई रंजना परुलकर, ट्रेनर राजेश, प्राचार्य जे.पी. प्रजापति व ब्लॉक समन्वयक सलमा खान द्वारा किया गया। रंजना परुलकर ने छात्रों को मेडिटेशन के माध्यम से मन में उत्पन्न होने वाले विकारों को दूर करने हेतु मानसिक क्रिया करवाई।

उन्होंने बताया कि इससे शरीर की सफाई होती है तथा इसके बाद मेडिटेशन करना सहज होता है। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने अभियान की रुपरेखा बताई। उन्होने बताया कि जिस प्रकार अन्याय के विरुद्ध में अभिमन्यु ने धर्मयुद्ध लड़ा था, ठीक उसी प्रकार व्यक्ति के जीवन में व्याप्त अनुचित क्रिया झूठ, भ्रष्टाचार, बेईमानी, नशे की लत, दहेज प्रथा, बाल विवाह आदि विकृति से भरा मानव आज विनाश की ओर अग्रसर है। इस जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वर्तमान युवा पीढी को नई दिशा दे सकते है। कार्यक्रम में आभार जेपी प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रबल पवार ने किया। इस अवसर पर महिला आरक्षक जय लहरे, हेमलता बघेल, ज्योति पालीवाल, राजेश कुशवाह, गोविंद जामोद, तरुण कैथवास, राहुल कुल्हारे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व शाला के छात्र उपस्थित रहे।

---

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वास्थ विभाग के दल ने निशुल्क परामर्श दिया

## स्वास्थ्य शिविरों में 6930 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई, 191 आयुष्मान कार्ड बनाए गए



**हरदा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत गुरूवार को जिले के ग्राम झाडपा, बिछौलामाल, मगरधा, कासरनी, डोंग, बम्हनगांव, छिदगांवमेल, नीमगांव, चारखेडा, टेमांगांव, खेडा, भटपुरा, रहटाखुर्द सहित 67 गांवों में स्वास्थ शिविर आयोजित किये गये। शिविर में स्वास्थ विभाग के दल ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी निर्माण, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग, एनीमिया एवं सिकल सेल रोगों तथा क्षय रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इन शिविरों में कुल 6930 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 440 महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप, 4703 लोगों की हिमोग्लोबिन, 3291 लोगों की हायपरटेंशन व शुगर 3301 लोगो की डायबीटिस व 167 लोगों की टीबी की जांच की गई तथा 607 बच्चों का टीकाकरण किया गया। शिविर में 191 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में 03 लोगों ने रक्तदान किया।

### तीन खिलाड़ी का चयन जिला टीम में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बना उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




शासकीय महाविद्यालय मूंदी में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के तत्वावधान में जिला स्तरीय शतरंज (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के तीन खिलाड़ी जतिन मोखले (बीबीए द्वितीय वर्ष), साजिद खान (बीएसए प्रथम वर्ष) और सैयद अनस (बीबीए प्रथम वर्ष) का चयन जिला टीम में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। संस्था अध्यक्ष संदीप गुप्ता, सचिव प्रज्ञान गुप्ता, निदेशक पूजा गुप्ता, सुनील जैन, प्रबंधक सतीश पटेल, प्राचार्य डॉ. दीपेश आर. उपाध्याय, क्रीड़ा अधिकारी विकास मोहे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी भूपेन्द्र यादव एवं समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

---

### रेडक्रॉस सोसाइटी की साधारण सभा की वार्षिक बैठक संपन्न

## रेडक्रॉस के समाजसेवा के कार्यों में और गति लाने की आवश्यकता: कलेक्टर




**खंडवा ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला इकाई खंडवा की साधारण सभा की वार्षिक बैठक शुक्रवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में रेडक्रॉस के सदस्यों के साथ डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले भी मौजूद रहे।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि रेडक्रॉस के समाजसेवा के कार्यों में और गति लाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी सदस्यों को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह के अंत में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सदस्यगण रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि केवल एक हजार रुपये की सदस्यता शुल्क जमा कर कोई भी व्यक्ति रेडक्रॉस का सदस्य बन सकता है। सभी सदस्यों को फोटोयुक्त परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। जिले के खालवा विकासखंड में चाचुआ जैसी कुप्रथाओं को रोकने तथा शिशु व मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए रेडक्रॉस की मदद से उल्लेखनीय कार्य किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन आपसी सहमति से करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रेडक्रॉस समिति के सदस्य भरत झंवर राज्य स्तरीय बैठकों के लिए जिला स्तरीय प्रतिनिधि होंगे। इससे पूर्व भरत झंवर ने रेडक्रॉस की कार्यप्रणाली और समिति के कार्यों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी।

### सांदीपनि विद्यालय पंधाना में राष्ट्रीय बालरंग समारोह विकासखंड प्रतियोगिताएं हुईं

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंधाना



सांदीपनि विद्यालय पंधाना में राष्ट्रीय बालरंग समारोह 2025 विकासखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को उजागर करना रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में शताक्षी पिता मोहन शासकीय कन्या विद्यालय पंधाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में रूपाली पिता गौरीशंकर शासकीय कन्या विद्यालय पंधाना प्रथम रहीं। वादन प्रतियोगिता में कृष्ण पिता प्रकाश पीएम श्री हाई स्कूल मोहनपुर विजेता बने। क्विज प्रतियोगिता में सोनम पिता फिरोज और शिवानी पिता पूनम चंद पीएम श्री हाई स्कूल मोहनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

लोक नृत्य प्रतियोगिता में वैशाली तोमर व अन्य सांदीपनि विद्यालय पंधाना ने बाजी मारी। लोकगीत प्रतियोगिता में युवराज एवं अन्य पीएम श्री हाई स्कूल मोहनपुर विजेता बने। वाद-विवाद प्रतियोगिता में नंदिनी तोमर शासकीय कन्या विद्यालय पंधाना और समीर शेख सांदीपनि विद्यालय पंधाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता में सलोनी ग्वाले सांदीपनि विद्यालय पंधाना विजेता रहीं। विकासखंड स्तर पर चयनित ये विजेता छात्र-छात्राएं अब जिला स्तर प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेताओं को विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयेश पाटीदार, वरिष्ठ शिक्षक राजेश तिवारी, डॉ जया कमेरिया, स्वाति चौहान, संगीता मंडलोई, माधुरी खेड़े, जितेश मसानी, प्रतीक जैन, लोकेंद्र मोरे, कामिनी पटेल, तन्वी जोशी, वासुदेव कुशवाह और विकासखंड के सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं।